http://www.cgboardonline.com

Name : ...

Roll No. : ....

कुल प्रश्नों की संख्या : 25]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

XII HY-202302

विषय : व्यवसाय अध्ययन

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

समय : 3 घण्टे]

[पूर्णांक : 80

नोट : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

निर्देश :

(*i*) प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 5 से 8 तक अतिलघुउत्तरीय एक शब्द / वाक्य में उत्तर वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 9 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा *40* शब्द है।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा *60* शब्द है।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 20 से 22 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *120* शब्द है।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 23 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *150* शब्द है।

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

सही विकल्प चुनकर लिखिए

प्रश्न-1 चालू सम्पत्तियाँ वे सम्पत्तियाँ होती हैं जो रोकड़ में परिवर्तित होती हैं : [1]

(अ) छ: माह के अंदर

(ब) एक साल के अंदर

(स) एक से तीन साल के अंदर

(द) तीन से पाँच साल के अंदर

प्रश्न-2 प्रबंध अंकेक्षण किसके निष्पादन पर निगरानी रखने की एक तकनीक है ? [1]

(अ) कम्पनी

(ब) कम्पनी का प्रबंध

(स) अंशधारी

(द) ग्राहक

प्रश्न-3 अंगूरी लता है : [1]

(अ) औपचारिक संप्रेषण

(ब) संप्रेषण में बाधा

(स) पार्श्वीय संप्रेषण

(द) अनौपचारिक संप्रेषण

प्रश्न-4 नियुक्तिकरण का संबंध है : [1]

(अ) राजनीतिक घटक से

(ब) आर्थिक घटक से

(स) सामाजिक घटक से

(द) मानवीय घटक से

एक वाक्य / एक शब्द में उत्तर दीजिए

प्रश्न-5 नियंत्रण की आवश्यकता प्रबंध के किस स्तर पर होती है ? [1]

प्रश्न-6 भावी अनिश्चितताओं की जोखिम को कम करने हेतु प्रबंध का कौन-सा कार्य सहायक है ? [1]

प्रश्न-7 नियोजन में भावी कार्यों का पूर्व निर्धारण, कर्मचारियों की किस क्षमता को कम कर देता है ? [1]

प्रश्न-8 हाल ही में भारत में विमुद्रीकरण कब किया गया था ? [1]

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न-9 क्या प्रबंध एक कला है ? अपने विचार लिखिए। [3]

प्रश्न-10 उदारीकरण क्या है ? [3]

प्रश्न-11 मानवशक्ति नियोजन (मानव संसाधन नियोजन) से क्या आशय है ? [3]

प्रश्न-12 क्या आप इस बात से सहमत हैं कि प्रबंध का नियंत्रण कार्य सर्वव्यापी हैं ? कैसे ? [3]

प्रश्न-13 एक आदर्श वित्तीय योजना के किन्हीं तीन विन्दुओं को लिखिए। [3]

लघुउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न-14 एक आदर्श नियंत्रण प्रणाली के आवश्यक तत्वों को लिखिए (कोई *चार*)। [4]

अथवा

नियंत्रण की सीमाएँ लिखिए (कोई *चार*)।

प्रश्न-15 टिप्पणी लिखिए : http://www.cgboardonline.com [4]

मौखिक संप्रेषण व अधोगामी संप्रेषण

अथवा

टिप्पणी लिखिए :

लिखित संप्रेषण व ऊर्ध्वगामी संप्रेषण

प्रश्न-16 भर्ती के आन्तरिक स्रोत तथा बाह्य स्रोत में अंतर लिखिए (कोई *चार*)। [1+1+1+1=4]

अथवा

भर्ती व चयन में अंतर लिखिए (कोई *चार*)।

प्रश्न-17 संगठन के लिए विकेन्द्रीकरण क्यों महत्वपूर्ण है ? दो कारण लिखिए। [2+2=4]

अथवा

"प्रभावकारी अन्तरण से संगठन को कुछ लाभ होते हैं।" ऐसे दो लाभ लिखिए।

प्रश्न-18 विमुद्रीकरण के चार उद्देश्य लिखिए। [1+1+1+1=4]

अथवा

भारत में विमुद्रीकरण के लाभ लिखिए (कोई *चार*)।

प्रश्न-19 वैज्ञानिक प्रबन्ध का श्रमिक विरोध क्यों करते हैं (कोई *चार* कारण) ? [1+1+1+1=4]

अथवा

नियोक्ता वैज्ञानिक प्रबंध के विरोध में क्यों होते हैं (कोई *चार* कारण) ?

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

दीर्घउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न-20 कार्यशील पूँजी की आवश्यकता की मात्रा को निर्धारित करने वाले घटक लिखिए (कोई ***पाँच***)। [1+1+1+1+1=5]

अथवा

वित्तीय नियोजन का महत्व लिखिए (कोई ***पाँच***)।

प्रश्न-21 एक अच्छे नेता के गुणों को स्पष्ट कीजिए (कोई ***पाँच***)। [1+1+1+1+1=5]

अथवा

प्रबंध में अभिप्रेरण का क्या महत्व है ? विवेचना कीजिए (कोई ***पाँच***)।

प्रश्न-22 क्या आप सोचते हैं कि एक प्रबंधन में संपूर्ण पेशे की विशेषताएँ होती हैं ? कैसे ? [5]

अथवा

प्रबंध के लिए यह महत्वपूर्ण है कि लक्ष्यों की पूर्ति प्रभावपूर्ण तथा कुशलता पूर्ण हों। स्पष्ट कीजिए।

दीर्घउत्तरीय प्रश्न

प्रश्न-23 एक निर्माणी उपक्रम के लिए संगठन का क्या महत्व है (कोई **छः** मुख्य बिन्दु लिखिए) ? [1+1+1+1+1+1=6]

अथवा

संगठन के मुख्य उद्देश्य लिखिए (कोई ***छः***)।

प्रश्न-24 प्रबंध सिद्धांतों की प्रकृति स्पष्ट कीजिए (कोई ***छः***)। [1+1+1+1+1+1=6]

अथवा

फेयोल तथा टेलर के प्रबंध के सिद्धांतों में कौन-कौन सी असमानताएँ पाई जाती हैं (कोई ***छः***) ?

प्रश्न-25 कभी-कभी प्रबंध के सर्वोच्च प्रयत्नों के बावजूद भी नियोजन असफल होता है, क्यों (***छः*** कारण लिखिए) ? [1+1+1+1+1+1=6]

अथवा

नियोजन करते समय प्रबंधन किन-किन मुख्य बातों पर विचार करता है (***छः*** मुख्य बिन्दु लिखिए) ?

....

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com